# सीएसआईआर-केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी

सं. 4/2-2/26/2025-स्था.I दिनांकः 05.08.2026

## <u>अधिसूचना</u>

**विषयः विज्ञापन सं. 04/2025 दिनांक 13.10.2025 के अंतर्गत सुरक्षा अधिकारी के एक पद पर भर्ती हेतु छंटनी प्रक्रिया का परिणाम।**

सीएसआईआर-केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी), पिलानी के विज्ञापन सं. 04/2025 दिनांकः 13.10.2025 के अंतर्गत सुरक्षा अधिकारी के एक पद पर भर्ती हेतु प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों (कुल 105) की जांच एवं छंटनी, विज्ञापन में उल्लिखित आवश्यक योग्यता, अनुभव, आयु, नियम एवं शर्तों तथा छंटनी समिति द्वारा अपनाए गए छंटनी मानदंडों के आधार पर की गई है। तदनुसार, शारीरिक एवं व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षण (Physical and Personality Assessment Test) हेतु Provisional पात्र अभ्यर्थियों की सूची घोषित की जाती है जिसका विस्तृत विवरण **Annexure-A** में उपलब्ध है।

प्रत्येक संस्तुत एवं असंस्तुत आवेदन के समक्ष निम्नलिखित संक्षिप्ताक्षरों का प्रयोग किया गया हैः

| संक्षिप्ताक्षर कोड | विवरण |
|---|---|
| S | Shortlisted (संस्तुत) |
| R-1 | Rank below required rank |
| R-2 | Above Age Limit |
| R-3 | Incomplete Supporting Documents |
| R-4 | Insufficient Experience |
| R-5 | The candidate has not attained Ex-Serviceman status (as on the last date of submission of application) |
| R-6 | Last Rank/ Current Rank has not been mentioned |
| R-7 | Fee not received |
| R-8 | NOC not attached |
| R-9 | Incomplete Application Form |

**नोटः**

‘S’ का तात्पर्य Shortlisted (संस्तुत) से है।
'R' का तात्पर्य Rejected (असंस्तुत) से है।

**<u>सामान्य निर्देशः</u>**

1. जिन अभ्यर्थियों के आवेदन R-3 (आवश्यक सहायक दस्तावेज संलग्न न होना) तथा R-8 {अनापत्ति प्रमाण-पत्र (NOC) संलग्न न होना} अस्वीकृति कोड के आधार पर असंस्तुत किए गए हैं, वे **दिनांक 16.08.2026** तक अपना अभ्यावेदन आवश्यक दस्तावेजों सहित **recruitment.ceeri@csir.res.in** पर ई-मेल के माध्यम से प्रेषित कर सकते हैं। आवश्यक दस्तावेजों में, यथाप्रसंग, 10वीं एवं 12वीं की अंकतालिकाएँ, पीपीओ (PPO), पहचान-पत्र, अनुभव प्रमाण-पत्र, अनापत्ति प्रमाण-पत्र (NOC) तथा अन्य प्रासंगिक अभिलेख सम्मिलित हैं।
2. उपर्युक्त के अतिरिक्त, अन्य अस्वीकृति कोडों के आधार पर असंस्तुत किए गए अभ्यर्थी भी, यदि उन्हें अपनी असंस्तुति के संबंध में कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत करना हो, तो अपना अभ्यावेदन उक्त दिनांक तक उपर्युक्त ई-मेल आईडी पर प्रेषित कर सकते हैं।
3. यदि आवेदन-पत्र में अभ्यर्थी द्वारा दी गई जानकारी तथा बाद में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के मध्य किसी प्रकार की विसंगति अथवा विरोधाभास पाया जाता है, तो अभ्यर्थी की उम्मीदवारी बिना किसी अग्रिम सूचना के निरस्त की जा सकती है।
4. प्राप्त अभ्यावेदनों एवं पूरक दस्तावेजों का परीक्षण नियमानुसार किया जाएगा तथा यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित पात्रता एवं छंटनी मानदंडों को पूर्ण करता पाया जाता है, तो उसके प्रकरण को छंटनी समिति के समक्ष पुनर्विचारार्थ प्रस्तुत किया जाएगा तथा समिति की संस्तुति के आधार पर सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
5. संस्तुत अभ्यर्थियों को नियत समय पर सीएसआईआर-केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी), पिलानी में आयोजित शारीरिक एवं व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षण (Physical and Personality Assessment Test) में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया जाएगा। उक्त परीक्षण की तिथि, समय एवं अन्य विवरण संस्थान की वेबसाइट पर पृथक से जारी किए जाएंगे।

अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम सूचनाओं एवं अद्यतनों के लिए समय-समय पर सीएसआईआर-सीरी, पिलानी की वेबसाइट (**www.ceeri.res.in**) का नियमित अवलोकन करते रहें।

**हस्ते./-**
**प्रशासन नियंत्रक**

प्रतिलिपि:

- प्रमुख (एआईटीजी) – संस्थान की वेबसाइट पर अधिसूचना को अपलोड करने हेतु।
- सूचना पट्ट।
- कार्यालय प्रति।